भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3979
27 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड का निजीकरण

3979. **श्री येरम वेंकट सुब्बा रेड्डीः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने अपने सिंटर प्लांट, एसएमएस-। के निजीकरण/आउटसोर्सिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी है;

(ख) यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या आरआईएनएल ने अपने थर्मल पावर प्लांट और कोल हैंडलिंग प्लांट के संचालन और रखरखाव के लिए निविदा जारी की है;

(घ) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं;

(ङ) क्या यह इस बात के समान नहीं है कि इस्पात संयंत्रों का चरणबद्ध रूप से निजीकरण किया जा रहा है; और

(च) सरकार आरआईएनएल के निजीकरण और स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इण्डिया लिमिटेड (सेल) में विलय को रोकने के लिए क्या कदम उठा रही है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (घ): आरआईएनएल की परिसंपत्तियों का प्रबंधन नियमित जनशक्ति द्वारा किया जाता है। कुछ क्रियाकलापों के लिए एजेंसियों के माध्यम से सहायता ली जाती है। यह अन्य केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के इस्पात संयंत्रों के अनुरूप है।

(ङ) और (च): प्रश्न नहीं उठता।

*****